प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक : 11.05.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ बैठक की।
- प्रदेश में रोजगार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता, कहा-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने।
- पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने की रेलवे सिग्नल में नई तकनीक की शुरूआत।
- महिलाओं की त्रिकोणीय एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला भारत ने जीती।

प्रधानमंत्री-बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे।

यह बैठक कल दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों के एक-दूसरे से बात करने के बाद संघर्ष विराम के मद्देनजर हुई। दोनों देशों के यह अधिकारी कल फिर बात करने वाले हैं। इससे पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कल नई दिल्ली् में मीडिया को बताया था कि भारत, पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेता है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ-साथ नियंत्रण रेखा पर उल्लंघन की किसी भी घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

राजनाथ-ब्रह्मोस

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एण्ड टेस्टिंईग फेसिलिटी का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उन्होंने कहा कि ...

राजनाथ सिंह

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एण्ड टेस्टिंग फेसिलिटी से देश की मारक शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय टेक्नॉलाजी दिवस पर इस सुविधा का शुरू होना

विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। 1998 में आज के ही दिन हमारे वैज्ञानिकों ने पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण करके विश्व को भारत की शक्ति का परिचय दिया था।

रोजगार मेला-इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे राज्य का युवा सक्षम, योग्य और आत्मनिर्भर बने यह सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में हर क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिये तेजी से प्रयास किये जा रहे है, चाहे वह परम्परागत दुग्ध पालन का क्षेत्र हो या आधुनिक आईटी का क्षेत्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर के दशहरा मैदान में आयोजित महापौर मेगा रोजगार मेला के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार आधारित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिये इंड्रस्टी कॉन्क्लेव व्यापक स्तर पर आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने युवाओं को रोजगार देने की दिशा में इंदौर जिले में हर एक पंचायत में स्थापित किये गये उद्योग लगाने के अभियान की भी प्रशंसा की।

सीबीआई- डिजिटल अरेस्ट

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो- सीबीआई ने साइबर ठगी के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन चक्र-पांच के अंतर्गत 8 राज्यों में 42 स्थानों पर तलाशी ली है। ये तलाशी असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु में की गई। इस कार्रवाई के तहत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत टेलीकॉम ऑपरेटरों के कई विक्रय एजेंटों के ठिकानों पर तलाशी ली गई। ये एजेंट कथित तौर पर साइबर अपराधियों और टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं के अज्ञात अधिकारियों के साथ मिलकर सिम कार्ड जारी कर रहे थे। इन सिम कार्डों का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों में किया जाता है। छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, केवाईसी दस्तावेजों की प्रतियां और अपराध की आय से अर्जित चल संपत्ति जब्त की गई।

रेलवे सिग्नल

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने रेलवे सिग्नलिंग में नई तकनीक की शुरुआत की है। भोपाल मंडल के अंतर्गत आने वाले निशातपुरा यार्ड में देश की पहली ऑप्टिकल फाइबर आधारित सिग्नल प्रणाली को शुरू किया गया है। यह नई तकनीक अब पुराने भारी-भरकम तारों से चलने वाली प्रणाली की जगह ले रही है। इसके तहत अब सिग्नल सीधे कंट्रोल रूम से ऑप्टिकल फाइबर के जरिए संचालित होंगे। पहले रेलवे सिग्नलिंग में बड़ी मात्रा में वायरिंग और मैनुअल हस्तक्षेप की ज़रूरत होती थी। इस नई प्रणाली में सिग्नल पोस्ट पर 'लैम्प आउटपुट मॉड्यूल' नामक उपकरण लगाया गया है, जो सीधे कंट्रोल रूम से ऑप्टिकल फाइबर के जरिए जुड़ा होता है। अब सिग्नल

को ऑपरेट करने के लिए भारी वायरिंग की ज़रूरत नहीं होगी। हर सिग्नल को अब तेज़, सुरक्षित और रियल-टाइम कंट्रोल मिलेगा, जिससे संचालन अधिक विश्वसनीय होगा।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह दिन देश के वैज्ञानिकों के प्रति गर्व तथा आभार व्यक्त करने और 1998 के पोखरण परीक्षणों को याद करने का है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का उद्देश्य दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करना और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में युवाओं की रुचि को प्रोत्साहित करना है। वहीं केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि 1998 में पोखरण में सफल परीक्षण भारत के इतिहास में एक निर्णायक क्षण था। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की बधाई दी है।

शिल्प ग्राम महोत्सव

शिल्प ग्राम महोत्सव का कार्यक्रम आज भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम में  राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने समापन कार्यक्रम के पूर्व सभागार में उपस्थित कलाकारों से चर्चा की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समुदाय को सक्षम बना कर उनके विकास और खुशहाली के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। पूरे देश में जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों के सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर को उठाने, स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे में सुधार और आजीविका के कार्य 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत किए जा रहे हैं।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनजाति समुदाय की आनुवंशिक बीमारी सिकल सेल को वर्ष 2047 तक समाप्त करने का संकल्प किया है।

मॉनसून

मौसम विभाग ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के 27 मई को केरल तट पर पहुँचने का अनुमान व्यकक्त किया है। सामान्य तिथि से पाँच दिन पहले इस मॉनसून के पहुंचने से खरीफ की बुआई और पैदावार अच्छी होने और जलाशयों का स्तर बढ़ने की उम्मीद है। विभाग ने इस वर्ष मानसून सामान्य से अधिक 105 प्रतिशत होने का भी अनुमान व्यक्त किया है। मध्य प्रदेश में सामान्य से

अधिक वर्षा होने की सम्भावना है। हालाँकि, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, तमिलनाडु, बिहार और उत्तर-पूर्वी राज्यों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है।

महिला-क्रिकेट

श्रीलंका के कोलंबो में खेले गए महिलाओं के त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के फाइनल मैच में भारत ने मेज़बान श्रीलंका को 97 रनों से हराकर यह श्रृखला जीत ली है।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर पचास ओवर में सात विकेट के नुकसान पर तीन सौ 42 रन बनाए। भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने शतक लगाते हुए 101 गेंदों में 116 रन बनाकर विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं हरलीन देओल ने 47 रन और जेमिमा रोड्रिग्स ने 44 रनो की पारी खेली।

श्रीलंका की ओर से मालकी मदारा, देवमी विहंगा और सुगंधिका कुमारी ने दो-दो विकेट लिए।

समाचार संक्षेप में .....

- नीमच जिले के ग्राम बामोरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मंशापूर्ण बालाजी मंदिर के समीप प्राचीन घाट पर स्वच्छता श्रमदान किया गया।
- मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। अब नौरादेही टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 23 पहुंच गयी है।
- दमोह जिले के देहात थाना की नरसिंहगढ़ चौकी के समीप ग्राम मारा में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई।

................................